इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
**Regional Centre – Aligarh**
Sri Tikaram Kanya Mahavidyalaya, Ramghat Road, Aligarh – 202001
Mob.No. 8869829838 E-mail:-rcaligarh@gmail.com

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

IG/RC-47/Report/2024-25
Date: -12/12/2024

डॉ. अजय वर्धन आचार्य
क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)

## प्रतिवेदन

### इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के द्वारा भारतीय भाषा उत्सव पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र – 2713 ए0म0यू0 के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय भाषा उत्सव– 2024 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर, अलीगढ़ में आयोजित किया गया । भारतीय भाषाओं की महत्वता, उपयोगिता एवं रोजगार तकनीकी पर एक दिवसीय विचार–विमर्श आयोजित किया गया।


सर्वप्रथम इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) डॉ. अजय वर्धन आचार्य ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा उत्सव मनाया जाएगा। इस दिवस को मनाने का उद्धेश्य भारतीय भाषाओं की जानकारी प्रत्येक जनमानस तक उपलब्ध करवाकर के शोध, रोजगार, तकनीकी क्षेत्रों में उन्नति करना है।

भारतीय भाषा उत्सव– 2024 में अलीगढ़ अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो0 आसिम जफर ने भारतीय भाषाओं के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रो0 शाहुल हमीद ने तमिल सन्त भारती की जीवनी का उल्लेख किया तथा हिन्दी भाषा को आज के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थी तक पहुंचाने पर बल दिया। प्रो0 जुबैर शादाब उपनिदेशक उर्दू भाषा अकादमी ने मातृभाषा के उपयोग पर बल देकर विद्यार्थी को नवीन तकनीकों एवं तकनीकी शब्दावली बताने पर बल दिया। प्रो0 अरमान रसूल फरीदी, अध्यक्ष कम्प्यूटर साइन्स ने भारतीय भाषाओं में कम्प्यूटर के उपयोग पर बल दिया। डॉ. सय्यैद हुसैन हैदर ने भारतीय भाषाओं का प्राचीन इतिहास बताया तथा प्रो0 उस्माद गनी ने पर्शियन की संस्कृति के विभिन्न उदाहरणों से भाषाओं एवं संस्कृति के समन्वय तत्वों पर प्रकाश डाला। अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

डॉ. अजय

(डॉ. अजय वर्धन आचार्य)
क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner